icmr | NIRTH
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
NATIONAL INSTITUTE OF RESEARCH IN TRIBAL HEALTH

आईसीएमआर–राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

ICMR - National Institute of Research in Tribal Health
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

सं. राजस्वाअसं/हिंदी-पखवाड़ा/ 1009 /2022

दिनांक : 03.08.2022

-3 AUG 2022

परिपत्र

सरकार की राजभाषा नीति प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना पर आधारित है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार, सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष हिंदी-दिवस/पखवाड़ा मनाया जाता है और इसके अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों के प्रोत्साहन के लिए अनेक हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी संस्थान में दिनांक 01-09-2022 से 15-09-2022 तक "हिंदी-पखवाड़ा" मनाया जाएगा।

निदेशक महोदय द्वारा सभी से अपील की जाती है कि इस दौरान अपना सरकारी कामकाज यथासंभव अधिकाधिक राजभाषा हिंदी में निष्पादित करें।

इस वर्ष 'हिंदी-पखवाड़े' के अंतर्गत निम्नलिखित हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं :-

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	आयोजन दिनांक	प्रतियोगिता-स्थल एवं समय
1	हिंदी टंकण प्रतियोगिता (कंप्यूटर पर, कृतिदेव या मंगल फोंट्स पर) समय : 10 मिनट	2-9-2022	स्थापना अनुभाग पूर्वाह्न 11 बजे से
2	हिंदी निबंध-लेखन प्रतियोगिता : समय 1 घंटा विषय: जनजाति समुदायों में रोगों से बचाव और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता	6-9-2022	सम्मेलन-कक्ष (कॉन्फ्रेंस-हॉल) पूर्वाह्न 11 बजे से
3	हिंदी भाषण प्रतियोगिता : समय 7 मिनट विषय: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष : उपलब्धियां और चुनौतियां	7-9-2022	प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम) अपराह्न 3 बजे से
4	हिंदी कविता-पाठ : समय 7 मिनट (स्वरचित के लिए 10% विशेष अंक)	8-9-2022	प्रेक्षा-गृह (ऑडिटोरियम) अपराह्न 3 बजे से

हिंदी निबंध-लेखन, हिंदी भाषण एवं हिंदी कविता-पाठ प्रतियोगिताएं हिंदी-भाषी एवं हिंदीतर भाषी नियमित वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग प्रस्तावित हैं, जिसके लिए कम-से-कम 5 (पांच) हिंदीतर भाषा-भाषी प्रतिभागी होने आवश्यक हैं। हिंदीतर-भाषी होने के लिए मैट्रिक/हायर सेकंडरी/12वीं स्तर की शिक्षा 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र के राज्यों से होना एवं उनकी मातृभाषा हिंदी के अलावा होनी चाहिए, यह जानकारी प्रतियोगिता के आवेदन में देनी है। हिंदीतर-भाषी समूह के लिए अलग से 5 से कम प्रतियोगी होने पर उन्हें हिंदीभाषी समूह के साथ ही रखते हुए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, पर निर्णायक-मंडल द्वारा हिंदीतर भाषी प्रतियोगियों को 10% अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

नोट : ये प्रतियोगिताएं केवल नियमित स्टाफ को एक समूह (वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को शामिल करते हुए) में आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम 5 (पांच) प्रतियोगी होना अनिवार्य है, इससे कम प्रविष्टियां प्राप्त होने पर वह प्रतियोगिता निरस्त कर दी जाएगी।

नकद पुरस्कार : गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रत्येक प्रतियोगिता में 5 नकद पुरस्कार होंगे -

प्रथम पुरस्कार	- ₹ 5000/-
द्वितीय पुरस्कार	- ₹ 3000/-
तृतीय पुरस्कार	- ₹ 2000/-
सांत्वना पुरस्कार (दो)	- ₹ 1000/- (प्रत्येक)

अतः संस्थान के इच्छुक वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इस परिपत्र के साथ संलग्न आवेदन प्रारूप में प्रतियोगिता आयोजन के पूर्व तक आवेदन हिंदी-कक्ष (स्थापना अनुभाग) में दे सकते हैं।

यह परिपत्र निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

राजेन्द्र
(राजेन्द्र कुमार ठाकुर)
प्रशासनिक अधिकारी
कृते निदेशक

संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके ई-मेल पर सूचनार्थ

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय - सूचनार्थ

आईसीएमआर- राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, जबलपुर (म.प्र.)

हिंदी-पखवाड़ा (1 से 15 सितंबर, 2022) के अंतर्गत आयोजित होने वाली
हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु आवेदन

....

सेवा में,

निदेशक महोदय,

आईसीएमआर-राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान,

जबलपुर - 482003 (म.प्र.)

महोदय,

विषयांतर्गत निवेदन है कि मैं हिंदी-पखवाड़ा : 2022 के अंतर्गत संस्थान में आयोजित की जा रही निम्नलिखित हिंदी प्रतियोगिता(ओं) में भाग लेना चाहता/चाहती हूं।

हिंदी-भाषी/हिंदीतर-भाषी प्रतियोगी होने के संबंध में कृपया निम्नलिखित जानकारी दें -

1. आप किस राज्य/संघ शासित क्षेत्र से हैं : ....
2. मैट्रिक/हायर सेकंडरी/12वीं तक शिक्षा किस राज्य से प्राप्त की है: ....
3. आपकी मातृभाषा क्या है : ....

आप जिन प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उनके नाम नीचे लिखें -

1. ....
2. ....
3. ....
4. ....

कृपया मुझे उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिता(ओं) में प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान कर अनुगृहीत करें।

धन्यवाद,

भवदीय

दिनांक : ....

....
हस्ताक्षर

(नाम:...)

पदनाम: ....

संपर्क हेतु मोबाइल नंबर : ....

....

नोट : यह प्रपत्र हिंदी-कक्ष (स्थापना अनुभाग) में उपलब्ध है, कृपया यथोचित भरकर प्रतियोगिता प्रारंभ होने के एक दिन पूर्व दे दें, जिससे प्रतियोगिता कराने में आसानी रहे।